भारत स्काउट एण्ड गाइड, उत्तर प्रदेश

प्रादेशिक प्रधान कार्यालय : स्काउट भवन, गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ - 226006

रजिस्ट्रेशन संख्या एस० 1-9407/1959-1960

E-mail : upscoutsguides@yahoo.com, Website : www.bsgup.org

फोन : 0522-4323838, मो० नं० : 9839392275

पत्रांक संख्या - संग०एस०-23 / 1626 / 2024-25 · दिनांक 01-10-2024

सेवा में,

समस्त सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्का० / गा०)
भारत स्काउट और गाइड, उ०प्र०।

विषयः– जनपद / मण्डल रैली हेतु दिशा–निर्देश प्रेषण के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

वार्षिक कार्यक्रम के पृष्ठ–11 का अवलोकन करें, जिसमें रैलियों के आयोजन के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण संलग्न है। अतः आप जनपद रैली एवं मण्डल रैली के सम्बन्ध में वार्षिक कार्यक्रम में दिये गए निर्देशों का पालन कराते हुये रैलियाँ समय से सम्पन्न कराने की प्रक्रिया प्रारम्भ करें।

1. जिला व मण्डल रैली में केवल 15% एकत्र शुल्क में से प्राप्त अपना जिला अंश हेतु 5% प्राप्त धनराशि व आयोजक विद्यालय के प्रबन्धक समिति तथा स्थानीय दानदाताओं से सहयोग प्राप्त करके ही रैली का आयोजन किया जाये। जिला रैली के आयोजन या किसी अन्य मद में कोई भी व्यय प्रादेशिक अंश से नही किया जायेगा।
2. रैली में समस्त व्यवस्था उत्तम श्रेणी की होनी चाहिये।
3. सभी प्रतिभागी तथा स्काउटर / गाइडर पूर्ण गणवेश में ही रहेगें।
4. मंच पर मात्र मुख्य अतिथि, कार्यक्रम के अध्यक्ष, संयोजक, शिक्षा विभाग व स्काउट / गाइड संस्था के पदाधिकारी (सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड), जिला मुख्यायुक्त, जिला आयुक्त (स्काउट / गाइड), जिला सचिव) को ही स्थान दिया जाये।
5. रैली के आयोजन का प्रचार–प्रसार अखबार, प्रिन्ट मीडिया, सोशल मीडिया के माध्यम से अनिवार्य रूप से किया जाये।
6. प्रतियोगिता को प्रर्दशन मानकर किया जाय और मूल्यांकन बड़े ही ईमानदारी से मानक के अनुसार किया जाय।
7. जिला संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) जिला रैली को संचालित करेंगे।
8. जनपद स्तरीय रैली का प्रवेक्षण व मुल्यांकन सहायक प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) अनिवार्य रूप से करेगें और वे लोग उसकी आख्या प्रादेशिक मुख्यालय में प्रस्तुत करेगें और सभी मण्डल रैली का प्रवेक्षण प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट / गाइड) द्वारा करके उसकी आख्या उच्चाधिकारियों के सम्मुख प्रस्तुत करेगें। सुविधा हेतु रैलियों के आयोजन के लिए कुछ बिन्दु संलग्न है :–

रैलियों का आयोजन –

- जनपदीय रैलियाँ व विश्वविद्यालय समागम अक्टूबर 2024 के प्रथम सप्ताह तक।
- मण्डल स्तर पर की रैलियाँ नवम्बर 2024 के अन्तिम सप्ताह तक।
- कब / बुलबुल उत्सव नवम्बर 2024 में प्रस्तावित।
- राज्य पुरस्कार, प्रादेशिक कब / बुलबुल, स्काउट / गाइड, रोवर / रेंजर, स्वतंत्र दल स्काउट / गाइड, रोवर / रेंजर रैली माह दिसम्बर 2024 में प्रस्तावित।

नोट – जनपद रैली में ओपन यूनिट स्काउट/गाइड, सी0बी0एस0ई0/आई0सी0एस0सी से सम्बद्ध स्काउट/गाइड जो संस्था में पंजीकृत है इनके लिये ओपन युनिट स्काउट/गाइड एवं कान्वेंट स्काउट/गाइड सम्वर्ग के रूप में रैली के विषयों पर प्रतियोगिता कराई जाए।

<u>रैली प्रतियोगिता के विषय</u> – <u>(स्काउट/गाइड के लिए)</u>

- कलर पार्टी, मार्च पास्ट – पूरे दल द्वारा।
- पाइनियरिंग प्रोजेक्ट (गेट, टावर आदि) – पूरे दल द्वारा।
- कैम्पिंग (कैम्प क्राफ्ट, भोजन बनाना आदि) – पूरे दल द्वारा।
- प्राथमिक चिकित्सा – एक टोली द्वारा।
- सिगनलिंग (सीमाफोर या मोर्स या ममोमा विधि से) झण्ड़ियों/डिस्क – 4 सदस्य द्वारा।
- कैम्प फायर – पूरे दल द्वारा।
- शारीरिक प्रर्दशन – पूरे दल द्वारा।
  (मीनार/योगा/जूड़ो/कराटे/लेजम/डम्बल/मलखम्भ)
- साहसिक क्रियाकलाप – पूरे दल द्वारा।
- झाँकी – पूरे दल द्वारा (जनपद/मण्डल स्तर पर)
- प्रदशर्नी एवं स्किल ओ रामा (जनपद/मण्डल स्तर पर)

नोट – रैलियों में प्रतियोगिता परिणाम स्तरवार "ए" "बी" "सी" ग्रेड के आधार पर सुनिश्चित किये जायेगें। 60 प्रतिशत अंक "ए" श्रेणी, 45 प्रतिशत अंक "बी" श्रेणी एवं उससे नीचें "सी" श्रेणी होगी। आगे प्रतिभागिता हेतु मेरिटके आधार पर दलों का चयन किया जाए।

भवदीय

(हीरालाल यादव)
प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट)

प्रतिलिपि :–

1. प्रादेशिक मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
2. प्रादेशि आयुक्त (स्काउट/गाइड), भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
3. प्रादेशिक सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
4. समस्त संयुक्त शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
5. समस्त उप शिक्षा निदेशक, उ0प्र0।
6. समस्त सहायक शिक्षा निदेशक (बे0), उ0प्र0।
7. समस्त जिला विद्यालय निरीक्षक/जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
8. समस्त जिला मुख्यायुक्त, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
9. समस्त जिला सचिव, भारत स्काउट और गाइड, उ0प्र0।
10. समस्त जिला स्काउट मास्टर/गाइड कैप्टन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(हीरालाल यादव)
प्रादेशिक संगठन आयुक्त (स्काउट)